भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

06.08.2025 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2981 का उत्तर

हरिहर-होन्नल्ली-शिवमोग्गा के बीच रेलवे लाइन

†2981. डॉ. प्रभा मल्लिकार्जुन:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का कर्नाटक राज्य के हरिहर-होन्नल्ली-शिवमोग्गा के बीच रेलवे लाइन का सर्वेक्षण करने का कोई प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हाँ, तो इसके परिणामस्वरूप किसानों और जनता को होने वाले लाभों सहित इसका ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): शिवमोगा-हरिहर नई लाइन परियोजना (79 कि.मी.) 832 करोड़ रु. की लागत पर 50:50 लागत भागीदारी और कर्नाटक सरकार द्वारा नि:शुल्क भूमि मुहैया कराए जाने की शर्त पर स्वीकृत की गई है।

रेलवे ने कर्नाटक सरकार को परियोजना के लिए संपूर्ण 488 हैक्टेयर भूमि अधिगृहीत करने का अनुरोध किया था। बहरहाल, कर्नाटक सरकार ने लागत भागीदारी करने और नि:शुल्क भूमि मुहैया कराने में अपनी असमर्थता व्यक्त की है। इस कारण परियोजना रूकी हुई है।

कर्नाटक राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली रेल अवसंरचना परियोजनाएँ भारतीय रेल के दक्षिण पश्चिम रेलवे, मध्य रेलवे, दक्षिण रेलवे और दक्षिण मध्य रेलवे ज़ोनों के अंतर्गत आती हैं। रेल परियोजनाओं का क्षेत्रीय रेल-वार ब्यौरा भारतीय रेल की वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया जाता है।

01.04.2025 की स्थिति के अनुसार, कर्नाटक में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली वाली ₹42,517 करोड़ की लागत से 3,264 किलोमीटर लंबाई की 25 परियोजनाएं (15 नई लाइनें, 10 दोहरीकरण) स्वीकृत की गई हैं जिनमें से 1,394 किलोमीटर लंबाई को कमीशन किया जा चुका है और मार्च 2025 तक ₹21,310 करोड़ का व्यय उपगत किया गया है। सारांश इस प्रकार है:-

कोटि	स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या	कुल लंबाई (किलोमीटर में)	मार्च 2025 तक कमीशन की गई लंबाई (किलोमीटर में)	मार्च 2025 तक व्यय (₹करोड़ में)
नई लाइन	15	2,034	421	8,794
दोहरीकरण/मल्टीट्रैकिंग	10	1,230	973	12,516
कुल	25	3,264	1,394	21,310

कर्नाटक राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली अवसंरचना परियोजनाओं और संरक्षा कार्यों के लिए बजट आवंटन निम्नानुसार है:

अवधि	परिव्यय
2009-14	₹835 करोड़ प्रति वर्ष
2025-26	₹7,564 करोड़ (9 गुना से अधिक)

वर्ष 2009-14 और 2014-25 के दौरान, कर्नाटक राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाले नए रेलपथ की कमीशनिंग/बिछाने का विवरण निम्नानुसार है:

अवधि	कमीशन किए गए कुल रेलपथ	कमीशन किया गया औसत रेलपथ
2009-14	565 किलोमीटर	113 किलोमीटर/वर्ष
2014-25	1,671 किलोमीटर	152 किलोमीटर/वर्ष (34% अधिक)

कर्नाटक में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली तथा हाल ही में पूरी की गई कुछ परियोजनाओं का विवरण इस प्रकार है:

क्र. सं.	परियोजना	लागत (करोड़ रुपए में)
1	कोत्तूर-हरिहर नई लाइन (65 किलोमीटर)	468
2	हासन-बेंगलोर नई लाइन (167 किलोमीटर)	1290
3	बीदर-गुलबर्गा नई लाइन (110 किलोमीटर)	1543
4	शिवानी-होसदुर्ग रोड दोहरीकरण (10 किलोमीटर)	50
5	शिवानी-बिरुर दोहरीकरण (29 किलोमीटर)	143
6	होसदुर्ग-चिकजाजुर दोहरीकरण (29 किलोमीटर)	260
7	रामनगरम-मैसूर कहीं-कहीं दोहरीकरण (94 किलोमीटर)	998
8	यलहंका-चेन्नासंद्रा दोहरीकरण (13 किलोमीटर)	108
9	यशवंतपुर-यलहंका दोहरीकरण (12 किलोमीटर)	95
10	नेत्रावती-मंगलौर सेंट्रल दोहरीकरण (2 किलोमीटर)	28
11	कन्कनाडि-पनम्बूर दोहरीकरण (19 किलोमीटर)	350
12	अरसीकेरे-तुमकुर दोहरीकरण (96 किलोमीटर)	758
13	यलहंका-पेनुकोंडा दोहरीकरण (123 किलोमीटर)	1104
14	दौंड-गुलबर्गा दोहरीकरण (225 किलोमीटर)	3182
15	हुबली-चिकजाजुर दोहरीकरण (190 किलोमीटर)	1850

कर्नाटक में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली कुछ परियोजनाएं, जो शुरू की गई हैं, निम्नानुसार हैं:

क्र. सं.	परियोजना	लागत (करोड़ रुपए में)
1	होसपेट-हुबली-लोंडा-वास्को-द-गामा दोहरीकरण (312 किलोमीटर)	4153
2	तोरणगल्लु-रंजीथपुरा दोहरीकरण (23 किलोमीटर)	147
3	होटगी-गदग दोहरीकरण (284 किलोमीटर)	2459
4	गिणिगेरा - रायचूर नई लाइन (165 किलोमीटर)	3401
5	गदग - वाडी नई लाइन (257 किलोमीटर)	2842
6	बागलकोट - कुडची नई लाइन (142 किलोमीटर)	1649
7	तुमकुर - रायदुर्ग नई लाइन (207 किलोमीटर)	2496
8	तुमकुर - दावणगेरे नई लाइन (182 किलोमीटर)	2142
9	चिकमगलूर - बेलूर नई लाइन (22 किलोमीटर)	290
10	कडूर - चिकमगलूर नई लाइन (46 किलोमीटर)	535
11	बैयप्पनहल्ली - होसुर दोहरीकरण (48 किलोमीटर)	336
12	यशवंतपुर - चन्नासंद्रा दोहरीकरण (22 किलोमीटर)	314

इस तथ्य के बावजूद कि भारत सरकार रेल परियोजनाओं के लिए उत्तरोत्तर उल्लेखनीय निधियों का आवंटन कर रही है, कर्नाटक में कई परियोजनाएं अभी भी भूमि अधिग्रहण की धीमी गति के कारण विलंबित हुई हैं। भूमि अधिग्रहण के कारण लंबित कुछ परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है: -

क्र. सं.	परियोजना	अपेक्षित कुल भूमि (हेक्टेयर में)	अधिगृहीत की गई भूमि (हेक्टेयर में)	अधिगृहीत किए जाने हेतु शेष भूमि (हेक्टेयर में)
1	शिमोगा- राणिबेन्नुर नई लाइन (96 किलोमीटर)	559	226	333
2	बेलगाम - धारवाड नई लाइन (73 किलोमीटर)	531	0	531
3	शिमोगा - हरिहर नई लाइन (79 किलोमीटर)	488	0	488
4	व्हाइटफील्ड-कोलार नई लाइन (53 किलोमीटर)	337	0	337
5	हासन-बेलूर नई लाइन (27 किलोमीटर)	206	0	206

कर्नाटक में भूमि अधिग्रहण की स्थिति का सारांश इस प्रकार है:-

कर्नाटक में परियोजनाओं के लिए अपेक्षित कुल भूमि	8969 हेक्टेयर
अधिगृहीत भूमि	5657 हेक्टेयर (63%)
अधिगृहीत की जाने वाली शेष भूमि	3312 हेक्टेयर (37%)

रेल परियोजना/परियोजनाओं का पूरा होना विभिन्न कारकों जैसे राज्य सरकार द्वारा त्वरित भूमि अधिग्रहण, वन विभाग के अधिकारियों द्वारा वन मंजूरी, अतिलंघनकारी उपयोगिताओं का स्थानांतरण, विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक मंजूरी, क्षेत्र की भूवैज्ञानिक और स्थलाकृतिक स्थितियां, परियोजना/परियोजनाओं के क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की स्थिति, परियोजना स्थल विशेष के लिए एक वर्ष में कार्य महीनों की संख्या आदि पर निर्भर करता है। ये सभी कारक परियोजना/परियोजनाओं के समापन समय और लागत को प्रभावित करते हैं।

******